# आकाशवाणी शिमला
## 25.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

**भारतीय रूपया उछाल**

एम.के. वेल्थ मैनेजमेंट की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रूपये में अल्पावधि में मजबूती दिखी है। यह डॉलर की तुलना में 87 रुपए के हाल के उच्चतम स्तर से मजबूत हो रहा है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय मुद्रा में इस उछाल का स्थायित्व विदेशी पूंजी की वापसी पर निर्भर है जिसकी उम्मीद अमरीकी ब्याज दरों में कमी आने के बाद की जा सकेगी। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक मुद्रा बाजार महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहे हैं। अमरीकी ब्याज दरों में अनिश्चितता और नये व्यापार शुल्कों की संभावना से संचालित डॉलर पर लगातार गिरावट का दबाव बना हुआ है।

**केंद्रीय टीम**

प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति के मूल कारणों का पता लगाने के लिए अपने तीन दिवसीय दौरे पर मंडी पहुंची बहु–क्षेत्रीय केंद्रीय टीम आज थुनाग और जंजैहली क्षेत्रों का दौरा का रही है। ये टीम कल धर्मपुर का दौरा कर दिल्ली वापस लौटेगी और अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपेगी। प्रदेश में बार–बार हो रही प्राकृतिक आपदाओं के मूल कारणों का पता लगाने के लिए गठित बहु क्षेत्रीय–केंद्रीय टीम आपदा प्रभावित स्थानों पर पहुंची ळें

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के मसेरन के पास तरांगला में कल हुई एचआरटीसी बस दुर्घटना में आठ लोगों की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है और घायलों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रूपए, जबकि घायलों को 50–50 हजार रूपये की अनुग्रह राशि प्रदान करने की घोषणा की।

**लोकसभा–सर्वदलीय बैठक**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जारी मॉनसून सत्र में सदन की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए आज लोकसभा में सर्वदलीय बैठक की। बैठक के दौरान सोमवार से सुचारू कार्यवाही के लिए सहमति बनाई गई। ओम बिरला ने कहा कि कार्यवाही चलने पर ही प्रश्नकाल के दौरान चर्चा संभव है। बैठक में अन्य दलों के अलावा भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड और तृणमूल कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

**श्रावण अष्टमी**

प्रदेश के शक्तिपीठों में आज से श्रावण अष्टमी नवरात्र मेले शुरू हो गए हैं। इसके लिए मंदिरों में विशेष प्रबंध किए गए हैं। ऊना ज़िले में प्रसिद्ध शक्तिपीठ चिंतपूर्णी माता मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। इस मौके पर लोगों ने मां के समक्ष शीष नवाया और सुख समृद्धि की कामना की। देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर ने भी मंदिर में मां के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी संदीप कालिया ने बताया कि पहली अगस्त को दुर्गा अष्टमी मनाई जाएगी।

**निर्देश**

सरकारी स्कूलो में अब प्रवक्ता छठी से दसवीं तक की कक्षाओं को भी पढाएंगे। स्कूल शिक्षा निदेशालय ने भर्ती व पदोन्नति नियमों का हवाला देते हुए सभी स्कूलों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए है। विभाग

ने सभी प्रधानाचार्यों को इन निर्देशों का सख्ती से पालन करने को कहा है। आदेशों मे स्पष्ट किया गया है कि स्कूल के प्रधानाचार्यों को अपनी आवश्यकता और विषय विशेषज्ञता के अनुसार अध्यापकों को कक्षा आबंटित करने का अधिकार है।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जुलाई रविवार सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

**मौसम**

प्रदेश में मॉनसून का दौर धीमा पड़ गया है और पिछले 24 घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर ही हल्की वर्षा हुई है। मौसम साफ होने से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों में तेजी आई है। मौसम विभाग ने 27 से 29 जुलाई तक कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में एक राष्ट्रीय उच्च मार्ग सहित 2 सौ 35 सड़कें यातायात के लिए अभी भी बंद हैं। इसी प्रकार 56 बिजली ट्रांसफार्मर और एक सौ 39 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। राज्य में अब तक वर्षा से जुड़ी घटनाओं में एक सौ 47 लोगों की मौत हुई है जबकि 34 लोग अभी तक लापता हैं।

––––––––––––––––